Social Justice Union — Govt. Registered

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 07 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 131

## श्रद्धांजलि

### लता दी की याद में 2 दिन का राष्ट्रीय शोक, आधा झुका रहेगा तिरंगा

**मुंबई (आरएनएस)।** स्वर कोकिला और मशहूर गायिका लता मंगेशकर का लंबी बीमारी के बाद रविवार सुबह मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन हो गया। इस दुखद खबर के सामने आने के बाद देशभर में शोक की लहर दौड़ गई है। राजनीति, मनोरंजन और खेल जगत की तमाम हस्तियों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है। उनकी याद में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोक भी मनाया जाएगा। सरकारी सूत्र ने जानकारी दी है कि लता मंगेशकर के सम्मान में दो दिनों तक राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। लता मंगेशकर के निधन की खबर से देशभर में दुख पसर गया है।

### छत्तीसगढ़ में भी दो दिन का राजकीय शोक घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर भारत सरकार द्वारा दो दिवसीय 6 फरवरी से 7 फरवरी तक का राजकीय शोक घोषित किया गया है। राजकीय शोक के कारण राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आज शाम किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे।

### राष्ट्रपति कोविंद ने जताया गहरा दुख

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** स्वर कोकिला लता मंगेशकर का रविवार को निधन हो गया। लता मंगेशकर ने मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में आखिरी सांस ली। 92 वर्षीय लता मंगेशकर पिछले दिनों कोरोना संक्रमित हो गई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारत रत्न लता मंगेशकर की उपलब्धियों को अतुलनीय बताते हुए उनके निधन को अपने लिए हृदयविदारक बताया है।

### उनकी सुरीली आवाज में मंत्रमुग्ध कर देने की अद्वितीय क्षमता थी:मोदी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान गायिका लता मंगेशकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने उनके परिवार से बात करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां उन्हें भारतीय संस्कृति के एक दिग्गज के रूप में हमेशा याद रखेगी, उनकी सुरीली आवाज में लोगों को मंत्रमुग्ध करने की अद्वितीय क्षमता थी।

### भारत ने अपनी आवाज खो दी: वेंकैया नायडू

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने प्रख्यात गायिका लता मंगेशकर के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। नायडू ने भारतीय सिनेमा की स्वर कोकिला के देहावसान पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि लता जी के निधन से भारत ने अपनी आवाज को खो दिया है। उपराष्ट्रपति वेंकेया नायडू ने एक टवीट में कहा कि भारतीय सिनेमा की सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर जी का निधन देश की और संगीत जगत की अपूरणीय क्षति है।

### राज्यपाल उइके ने गहरा दुख व्यक्त किया

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने भारत रत्न, स्वर साम्राज्ञी सुश्री लता मंगेशकर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने शोक संदेश में कहा है कि स्वर कोकिला सुश्री लता मंगेशकर के निधन से संगीत जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके योगदान को भुला पाना मुश्किल है। राज्यपाल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित हुए उनके शोकसंतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### सीएम बघेल ने जताया शोक

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम बघेल ने कहा है- स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर का निधन बेहद दु:खद और सम्पूर्ण कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और शोकसंतप्त परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। सीएम बघेल ने कहा है कि लता मंगेशकर के गाये मधुर गीत हमेशा लोगों के दिलों में बसे रहेंगे। उनकी आवाज़ ही उनकी पहचान है, जो कभी खो नहीं सकती। सीएम ने कहा कि लता मंगेशकर ने 30 से ज्यादा भाषाओं में गीत गाए, उनके निधन से भारत ने आज एक रत्न खो दिया है।

# पंचतत्व में विलीन हुईं स्वर कोकिला लता मंगेशकर, भाई ने दी मुखाग्नि



**मुंबई (आरएनएस)।** देश की स्वर कोकिला लता मंगेशकर अब हमेशा के लिए जा चुकी हैं। भारत रत्न, स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर का पार्थिव शरीर रविवार शाम यहां शिवाजी पार्क में पंचतत्व में विलीन हो गया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर ने उनके शव को मुखाग्नि दी। उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ की गई। गोधुली बेला में सशस्त्र सलामी और पूरे राजकीय सम्मान के साथ लता मंगेशकर का अंतिम संस्कार किया गया।

अंतिम संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान, आमिर खान, अनुपम खेर, लिरिसिस्ट जावेद अख्तर सहित पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी पहुंचे थे। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंद्धी उद्धव ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे, उप-मुख्यमंत्री अजीत पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार,उनकी पुत्री एवं सांसद सुप्रिया सुले, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, भारत रत्न सचिन तेंदुलकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे, उनकी पत्नी शर्मिला ठाकरे भी इस मौके पर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के पुत्र एवं मंत्री आदित्य ठाकरे, शिवसेना के राज्य सभा सदस्य अनिल देसाई, मुम्बई की महापौर किशोरी पेडनेकर, मुम्बई नगर निगम के आयुक्त इकबाल चहल, पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति सुश्री लता मंगेशकर की अंत्येष्टि में शामिल हुए।

## ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस, शोक में डूबा पूरा देश



भारत ने अपना सबसे अमूल्य रत्न खो दिया। भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर का निधन हो गया है। यह जानकारी शिवसेना सांसद संजय राउत ने ट्वीट कर दी है। बीते दिन उनका स्वास्थ्य बिगडऩे के बाद उन्हें दोबारा वेंटिलेटर पर रखा गया था और वह लगातार चिकित्सकों की निगरानी में थीं। लता (92) को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद आठ जनवरी को ब्रीच कैंडी अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था, जहां डॉ. प्रतीत समदानी और चिकित्सकों की टीम की देखरेख में उनका इलाज चल रहा था। जैसे ही उनका स्वास्थ्य बिगडऩे की खबरें आईं वैसे ही प्रशंसक ब्रीच कैंडी अस्पताल पहुंचने लगे थे। उनसे मिलने शनिवार को बहन और गायिका आशा भोसले स्वास्थ्य के बारे में जानने के लिए अस्पताल पहुंची थीं। अस्पताल परिसर के बाहर अवरोधक लगाए गए हैं और सुरक्षा कड़ी कर दी गई और वहां मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लगा हुआ है।

समदानी ने इससे पहले 29 जनवरी को कहा था कि गायिका की तबीयत में मामूली सुधार हुआ है और उन्हें वेंटिलेटर से हटाकर आईसीयू में निगरानी में रखा गया है। नवंबर 2019 में भी सांस लेने में कठिनाई के चलते लता मंगेशकर को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उस दौरान उनके निमोनिया से ग्रस्त होने का पता चला था और 28 दिन के उपचार के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।

भारतीय सिनेमा की बेहतरीन गायिकाओं में शुमार लता ने 13 साल की उम्र में 1942 में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने विभिन्न भारतीय भाषाओं में अब तक 25 हजार से अधिक गाने गाए हैं। सात दशक के अपने करियर में उन्होंने कई ऐसे गाने गाए हैं, जो आज भी लोगों के जेहन में हैं। इनमें ''अजीब दास्तां है ये' 'प्यार किया तो डरना क्या' और 'नीला आसमां सो गया' शामिल है।

लता को भारत की 'सुर साम्राज्ञी' के नाम से जाना जाता है और उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा लता को पद्म भूषण, पद्म विभूषण और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# सांबा में बीएसएफ ने मार गिराए तीन घुसपैठिए, 36 किलो ड्रग्स बरामद

**0-एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम,**



**जम्मू (आरएनएस)।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इस बीच जम्मू-कश्मीर में रविवार की सुबह घुसपैठ की कोशिश को नाकाम किया गया है और सांबा में भारतीय सीमा सुरक्षाबल के जवानों ने तीन पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया है। वहीं उनके पास से 36 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया है जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 180 करोड़ बताई जा रही है। फिलहाल मामले में जांच जारी है और इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बताया कि सांबा सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रात में तीन घुसपैठिए जवानों की नजरों से बचकर इधर आ रहे थे। जवानों की उन पर नजर पड़ी तो उन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन घुसपैठिए नहीं रुके और आगे बढ़ते गए जिसके बाद जवानों ने उन पर फायरिंग की और तीनों घुसपैठियों को मार गिराया। तलाशी लेने पर उनके पास से 36 किलोग्राम ड्रग्स मिला है। आगे की जांच की जा रही है।

वहीं बीएसएफ के उप महानिरीक्षक एस.पी.एस. संधू ने बताया कि जवानों ने तडक़े करीब ढाई बजे तस्करों की गतिविधियों को देखा जिसके बाद गोलीबारी में घुसपैठिए मारे गए। घटनास्थल से 36 पैकेट ड्रग्स बरामद किया गया है, जिनमें हेरोइन होने का संदेह था।

# निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के लिए रोड शो, वाहन रैलियों पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के मामलों में लगातार गिरावट देखी जा रही है जिसके चलते चुनाव आयोग ने चुनावी रैलियों से रोक हटा दी है। चुनाव आयोग ने खुले मैदान में रैली की दी इजाजत दे दी है। इनडोर के लिए 50 प्रतिशत क्षमता की अनुमति दी है। आउटडोर रैलियों के लिए 30 प्रतिशत क्षमता की अनुमति दी गई है।

घटते कोरोना वायरस के मद्देनजर चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया है। बता दें, रोड शो, बाइक रैली पर अभी भी रोक जारी रहेगी। वही, जुलूस निकालने पर भी प्रतिबंध जारी रहेगा। शारीरिक सार्वजनिक बैठकों के लिए और छूट दी। इनडोर हॉल और आउटडोर बैठकों के लिए छूट दी गई।

पांच राज्यों में होने जा रहे चुनावों को लेकर कोरोना के चलते प्रचार प्रसार पर कई प्रतिबंध लगे हुए थे, लेकिन अब कोविड संक्रमण की लगातार गिरती दर और बढ़ते टीकाकरण के मद्देनजर इन प्रतिबंधों में ढील दे दी गई है। यानि इनडोर और आउटडोर रैलियों में छूट दे दी गई है। अब खुली जगहों पर मैदानों में होने वाली रैलियों के लिए जगह के अनुपात में संख्या तय कर इजाजत मिलेगी।

आम चुनाव के दौरान पहले चरण के मतदान से ठीक पहले नियमों में दी गई छूट और राहत के तहत इनडोर के लिए 50 प्रतिशत और बाहरी रैलियों के लिए 30 प्रतिशत क्षमता की अनुमति है। हालांकि पदयात्रा, रोड शो और वाहन रैलियों पर रोक जारी है। 20 व्यक्तियों की सीमा के साथ घर-घर अभियान हो सकता है।

# जामताड़ा के साइबर ठगों ने बनाये हैं आलिशान बंगले, तीन गिरफ्तार

**0-संपत्ति जांच रही पुलिस**



**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस ने तीन साइबर ठगों को दो अलग-अलग गांवों से धर दबोचा, जबकि दो साइबर ठग भागने में सफल रहे. गिरफ्तार तीनों साइबर ठग को शुक्रवार को मंडल कारा जामताड़ा भेज दिया गया. गिरफ्तार किये गये साइबर ठग में से दो जामताड़ा थाना क्षेत्र के सोनबाद गांव के हैं, जबकि एक करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सियाटांड़ गांव का है. इन सभी के पास से कई सामान भी बरामद हुए हैं. पुलिस को इन साइबर ठगों के पास से आठ मोबाइल, 17 सिम कार्ड, दो पैन कार्ड, दो आधार कार्ड, दो पास बुक व एक एसबीआई का रूरल कियोस्क कार्ड मिला है. गिरफ्तार ठगों ने साइबर ठगी के पैसे से आलीशान घर बनाया है. इनकी संपत्ति की जांच की जा रही है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके.

पुलिस को इन साइबर ठगों के पास से आठ मोबाइल, 17 सिम कार्ड, दो पैन कार्ड, दो आधार कार्ड, दो पास बुक व एक एसबीआई का रूरल कियोस्क कार्ड मिला है. गिरफ्तार ठगों ने साइबर ठगी के पैसे से आलीशान घर बनाया है. इनकी संपत्ति की जांच की जा रही है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके.

साइबर थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि साइबर ठग अनिल मंडल का आपराधिक इतिहास रहा है. अनिल मंडल पूर्व में भी करमाटांड़ थाना कांड संख्या 131/2016 एवं साइबर अपराध थाना कांड संख्या 07/2020 में जेल जा चुका है. गिरफ्तार ठगों ने साइबर ठगी के पैसे से आलीशान घर बनाया है. सभी ठग की संपत्ति की जांच की जा रही है, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके.

साइबर थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आलोक में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार मंडल के नेतृत्व में जामताड़ा थाना क्षेत्र के सोनबाद व करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सियाटांड़ गांव में छापामारी की गयी. इस क्रम में सोनबाद गांव के रोहित रक्षित व कनाई दत्ता व सियाटांड़ गांव से अनिल मंडल को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया, जबकि दो साइबर ठग सियाटांड़ गांव का निरंजन मंडल व दिवाकर मंडल भागने में सफल रहे. गिरफ्तार सभी साइबर ठग के विरुद्ध जामताड़ा साइबर अपराध थाना कांड संख्या 5/22 धारा 414, 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी, सी, डी आईटी एक्ट दर्ज किया गया है.

# जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में सोमवार शाम तक बारिश व बर्फबारी की संभावना



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सोमवार को बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस सप्ताह के मध्य तक एक और बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सोमवार को असामान में बादल छाए रहेंगे। इस सप्ताह के मध्य तक बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

न्यूनतम तापमान श्रीनगर में माइनस 1.6, पहलगाम में माइनस 4.8 और गुलमर्ग में माइनस 6.6 दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, द्रास शहर में शून्य से 14.7 नीचे, लेह में शून्य से 8.2 और कारगिल में शून्य से 14.4 नीचे दर्ज किया गया। जम्मू शहर में रात का न्यूनतम तापमान 7.7, कटरा में 7.0, बटोटे में 1.3, बनिहाल में 1.0 और भद्रवाह में माइनस 0.3 दर्ज किया गया।

# 100 नए सैनिक स्कूलों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए ई-काउंसलिंग की तैयारी



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूरे देश में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने के सरकार के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाते हुए सैनिक स्कूल सोसायटी (एसएसएस) ई-काउंसलिंग के संचालन के लिए एक स्वचालित प्रणाली विकसित करने की तैयारी में है। यह सरकार की सोच के अनुरूप पूरे देश में स्थापित किए जा रहे नए स्कूलों पर लागू होगा। इसके तहत छात्रों को सैनिक स्कूल के पाठ्यक्रम अनुपालन के साथ-साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार आगे बढऩे के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

छात्रों की जानकारी के लिए सैनिक स्कूल सोसायटी (एसएसएस) ई-काउंसलिंग के लिए समय-सीमा के साथ आवेदन करने के संबंध में व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करेगी। यह सोसायटी पात्रता के लिए निर्धारित अंक से अधिक अंक प्राप्त करने वाले आवेदक छात्रों को समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से उनके ईमेल या मोबाइल नंबर पर एक लिंक भेजेगा। इसके साथ ही नए सैनिक स्कूलों को श्रेणी और लिंग के आधार पर जानकारी के साथ-साथ रिक्तियों की संख्या प्रदान करने के लिए उपयुक्त पहुंच अधिकार प्रदान किए जाएंगे।

छात्रों को वेब पोर्टल सैनिकस्कूल.एनसीओजी. जीओवी.इन पर दिए गए लिंक के जरिए अपना पंजीकरण करने और उनके विवरण सत्यापित करने के लिए कहा जाएगा। वहीं, छात्रों के पास आवंटन के विकल्प के रूप में अधिकतम 10 स्कूलों के चयन का विकल्प उपलब्ध होगा। इसके बाद छात्रों को सैनिक स्कूल का आवंटन उनकी रैंक व स्कूलों की पसंद के आधार पर निर्मित प्रणाली के जरिए किया जाएगा। इसके परिणाम को ई-काउंसलिंग पोर्टल के माध्यम से घोषित किया जाएगा। आवेदक छात्र को परिणाम के अनुरूप आवंटन को स्वीकार करना होगा या काउंसलिंग के राउंड- 2 के लिए विचार किए जाने वाले विकल्प या आगे विचार के लिए अनिच्छा की जानकारी देनी होगी। वहीं अपनी पसंद को स्वीकार/लॉक करने वाले छात्रों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर (भौतिक) सत्यापन की प्रक्रिया पूरा करने की तारीखों की सूचना दी जाएगी।

छात्रों के भौतिक सत्यापन के बाद अपने डेटाबेस में जरूरी अपडेट के लिए नए सैनिक स्कूलों को रियल टाइम के आधार पर अपनी पसंद को लॉक करने वाले छात्रों की सूची दिखाई देगी। वहीं, राउंड- 1 की निर्धारित तिथि और समय के बाद नहीं भरी गई सीटों को काउंसलिंग के राउंड-2 के जरिए भरा जाएगा। जिन छात्रों ने राउंड-1 में सीटों को स्वीकार/प्राप्त नहीं किया है, उनके पास ई-काउंसलिंग के राउंड- 2 में बाकी सीटों को चुनने का विकल्प उपलब्ध होगा।

ई-काउंसलिंग के लिए यह स्वचालित प्रणाली प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। यह सभी हितधारकों- विद्यालयों, छात्रों और प्रशासनिक प्राधिकरण के लिए कम खर्चीला और उपयोग के अनुकूल होगा। यह पूरी प्रक्रिया की रीयल-टाइम निगरानी और हर एक चरण में आवश्यक कार्रवाई के लिए भी पहुंच प्रदान करेगा।